केनरा बैंक
Canara Bank
A Government of India Undertaking

Together We Can

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2025-26

विकसित भारत की ओर...
Towards Viksit Bharat

Scan the QR Code to download Annual Report 2025-26

www.canarabank.bank.in

निदेशक मंडल / BOARD OF DIRECTORS

श्री हरदीप सिंह अहलूवालिया
प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रभारी)
और कार्यपालक निदेशक
SHRI HARDEEP SINGH AHLUWALIA
MANAGING DIRECTOR & CHIEF EXECUTIVE OFFICER (I/C)
AND EXECUTIVE DIRECTOR

श्री भवेन्द्र कुमार
कार्यपालक निदेशक
SHRI BHAVENDRA KUMAR
EXECUTIVE DIRECTOR

श्री एस. के. मजुमदार
कार्यपालक निदेशक
SHRI S.K. MAJUMDAR
EXECUTIVE DIRECTOR

श्री सुनील कुमार चुघ
कार्यपालक निदेशक
SHRI SUNIL KUMAR CHUGH
EXECUTIVE DIRECTOR

सुश्री शालिनी पंडित
प्रतिनिधि निदेशक भारत सरकार
MS SHALINI PANDIT
DIRECTOR REPRESENTING
GOVERNMENT OF INDIA

श्री रोहित पी. दास
प्रतिनिधि निदेशक भारतीय रिज़र्व बैंक
SHRI ROHIT P. DAS
DIRECTOR REPRESENTING
RESERVE BANK OF INDIA

सुश्री आभा सिंह यदुवंशी
शेयरधारक निदेशक
MS ABHA SINGH YADUVANSHI
SHAREHOLDER DIRECTOR

श्री गुंजीत सिंह पन्नू
शेयरधारक निदेशक
SHRI GUNJEET SINGH PANNU
SHAREHOLDER DIRECTOR

श्री बालकृष्ण राघवेंद्र राव
प्रतिनिधि निदेशक भारत सरकार
SHRI BALAKRISHNA RAGHAVENDRA RAO
SHAREHOLDER DIRECTOR

अवधि के दौरान कार्यालय से मुक्त हुए निदेशक
Directors Demitted Office during the period

श्री देबाशीष मुखर्जी
कार्यपालक निदेशक
SHRI DEBASHISH MUKHERJEE
EXECUTIVE DIRECTOR

श्री बिमल प्रसाद शर्मा
शेयरधारक निदेशक
SHRI BIMAL PRASAD SHARMA
SHAREHOLDER DIRECTOR

श्री हेमंत बुच
शेयरधारक निदेशक
SHRI HEMANT BUCH
SHAREHOLDER DIRECTOR

श्री विजय श्रीरंगन
गैर-कार्यकारी अध्यक्ष
SHRI VIJAY SRIRANGAN
NON-EXECUTIVE CHAIRMAN

श्री के. सत्यनारायण राजु
प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी
SHRI K. SATYANARAYANA RAJU
MANAGING DIRECTOR &
CHIEF EXECUTIVE OFFICER

सुश्री नलिनी पद्मनाभन
अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
MS NALINI PADMANABHAN
PART-TIME NON-OFFICIAL DIRECTOR

श्री प्रशांत कुमार गोयल
प्रतिनिधि निदेशक भारत सरकार
SHRI PARSHANT KUMAR GOYAL
DIRECTOR REPRESENTING
GOVERNMENT OF INDIA

केनरा बैंक
भारत सरकार का उपक्रम

Canara Bank
A Government of India Undertaking

Together We Can

वार्षिक रिपोर्ट
2025-2026
ANNUAL REPORT

वार्षिक रिपोर्ट 2025-26

केनरा बैंक
Canara Bank
A Government of India Undertaking
Together We Can

वार्षिक रिपोर्ट 2025-2026

विषयवस्तु

1. प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी का वक्तव्य 1
2. सूचना 9
3. प्रगति की एक झलक 35
4. निदेशकों की रिपोर्ट 2025-2026 36
   - प्रबंधन विचार - विमर्श और विश्लेषण 39
   - कारोबार निष्पादन 43
   - वित्तीय निष्पादन 44
   - वित्तीय समावेशन 73
   - अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / ओबीसी / ईडब्ल्यूएस का कल्याण 95
   - निदेशकों का उत्तरदायित्व वक्तव्य 130
   - सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट 132
5. कारोबार उत्तरदायित्व एवं स्थिरता रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) 138
6. कॉरपोरेट अभिशासन पर रिपोर्ट 258
   - निदेशकों की अपात्रता का प्रकटन संबंधी प्रमाण पत्र 345
7. अनुपालन पर अभ्यासरत कंपनी सचिव प्रमाणपत्र 347
8. पिलर 3 प्रकटीकरण (समेकित) 350
9. एकल वित्तीय विवरण
   - स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट 354
   - असंशोधित राय सहित लेखापरीक्षा रिपोर्ट की घोषणा 373
   - सीईओ / सीएफओ प्रमाणन - सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 का विनियम 17(8) 374
   - तुलन-पत्र 376
   - लाभ व हानि लेखा 377
   - तुलन-पत्र का हिस्सा बनने वाली अनुसूचियां 379
   - लाभ व हानि लेखा का हिस्सा बनने वाली अनुसूचियां 387
   - महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां 389
   - लेखा संबंधी टिप्पणियां 413
   - नकद प्रवाह विवरणी 517
10. समेकित वित्तीय विवरण
   - स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट 522
   - असंशोधित राय के साथ लेखापरीक्षा रिपोर्ट की घोषणा 539
   - सीईओ / सीएफओ प्रमाणन - सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 का विनियम 17(8) 540
   - समेकित तुलन पत्र 542
   - समेकित लाभ व हानि खाता 543
   - समेकित तुलन पत्र का हिस्सा बनने वाली अनुसूचियां 545
   - समेकित लाभ व हानि खाते का हिस्सा बनने वाली अनुसूचियां 552
   - लेखांकन नीतियां 554
   - समेकित वित्तीय विवरणियों पर लेखा संबंधी टिप्पणियां 579
   - समेकित नकद प्रवाह विवरणी 595
11. लाभांश वितरण नीति 598
12. हरित पहल - शेयरधारकों से अपील 606

ANNUAL REPORT 2025-2026

CONTENTS

1. MD & CEO'S STATEMENT 1
2. NOTICE 9
3. PROGRESS AT A GLANCE 35
4. DIRECTORS' REPORT 2025-2026 36
   - MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS 39
   - BUSINESS PERFORMANCE 43
   - FINANCIAL PERFORMANCE 44
   - FINANCIAL INCLUSION 73
   - WELFARE of SC / ST / OBC / EWS 95
   - DIRECTORS' RESPONSIBILITY STATEMENT 130
   - SECRETARIAL AUDIT REPORT 132
5. BUSINESS RESPONSIBILITY & SUSTAINABILITY REPORTING (BRSR) 138
6. REPORT ON CORPORATE GOVERNANCE 258
   - CERTIFICATE OF DISQUALIFICATION OF DIRECTORS 346
7. PRACTISING COMPANY SECRETARY CERTIFICATE 347
8. PILLAR 3 DISCLOSURES (CONSOLIDATED) 351
9. STANDALONE FINANCIAL STATEMENTS
   - INDEPENDENT AUDITORS' REPORT 354
   - DECLARATION OF AUDIT REPORT WITH UNMODIFIED OPINION 373
   - CEO/CFO CERTIFICATION - REGULATION 17(8) OF SEBI (LODR) REGULATIONS, 2015 374
   - BALANCE SHEET 376
   - PROFIT AND LOSS ACCOUNT 377
   - SCHEDULES ANNEXED TO THE BALANCE SHEET 379
   - SCHEDULES FORMING PART OF THE PROFIT AND LOSS ACCOUNT 387
   - SIGNIFICANT ACCOUNTING POLICIES 389
   - NOTES ON ACCOUNTS 413
   - CASH FLOW STATEMENT 517
10. CONSOLIDATED FINANCIAL STATEMENTS
   - INDEPENDENT AUDITORS' REPORT 522
   - DECLARATION OF AUDIT REPORT WITH UNMODIFIED OPINION 539
   - CEO / CFO CERTIFICATION - REGULATION 17(8) OF SEBI (LODR) REGULATIONS, 2015 540
   - CONSOLIDATED BALANCE SHEET 542
   - CONSOLIDATED PROFIT AND LOSS ACCOUNT 543
   - SCHEDULES FORMING PART OF THE CONSOLIDATED BALANCE SHEET 545
   - SCHEDULES FORMING PART OF THE CONSOLIDATED PROFIT AND LOSS ACCOUNT 552
   - ACCOUNTING POLICIES 554
   - NOTES ON ACCOUNTS ON THE CONSOLIDATED FINANCIAL STATEMENTS 580
   - CONSOLIDATED CASH FLOW STATEMENT 595
11. DIVIDEND DISTRIBUTION POLICY 598
12. GREEN INITIATIVE - APPEAL TO SHAREHOLDERS 607

प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी का वक्तव्य

प्रिय शेयरधारकों,

मुझे आपके समक्ष वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए हमारे बैंक के कार्यनिष्पादन की मुख्य झलकियाँ प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

सर्वप्रथम मैं आपके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए आप सभी के प्रति अन्तर्मन से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने वर्षों से हमारे बैंक की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और सतत विकास, नवोन्मेष और निरंतर बहुमूल्य सृजन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के बल पर हमें इस वर्ष भी महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल करने में सक्षम बनाया है। मैं आप सभी के उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करता हूँ।

जहाँ तक वैश्विक समष्टि आर्थिक परिदृश्य का संबंध है, वित्त वर्ष 2025-26 चुनौतियों और अवसरों का मिला-जुला वर्ष रहा। सकारात्मक बात यह है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था ने लचीलापन दिखाया, जिसमें अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के बाद भी विकास की गति में धीरे-धीरे मज़बूती आई और मुद्रास्फीति स्थिर बनी रही | फिर भी चुनौतिया बनी रही | इसका मुख्य कारण भू-राजनीतिक संघर्षों में वृद्धि, व्यापार मार्गों में व्यवधान, तथा मुद्रास्फीति के अंतिम पड़ाव पर वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा अपनाई गई सतर्क मौद्रिक नीतियां हैं। दूसरी छमाही में चुनौतियाँ और भी बढ़ गईं, जिसका कारण अमेरिकी प्रशासन द्वारा प्रदर्शित क्षेत्रीय विस्तार की महत्वाकांक्षाएँ थीं, विशेष रूप से वेनेज़ुएला में सत्ता परिवर्तन के बाद ग्रीनलैंड को अपने अधीन करना था। इसके अलावा, अमेरिका की नई सरकार ने मुक्त व्यापार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी रद्द कर दिया और संरक्षणवाद की नीति को अपनाते हुए अपने व्यापारिक साझेदारों पर पारस्परिक शुल्क लगा दिए, जिससे पूरी दुनिया में मंदी की संभावनाएं बढ़ गई।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के नवीनतम विकास अनुमान (अप्रैल 2026 विश्व आर्थिक आउटलुक) एक लचीली, लेकिन नाज़ुक वैश्विक अर्थव्यवस्था को दर्शाते हैं। इसके अनुसार, वैश्विक जीडीपी वृद्धि 2025 में लगभग 3.4% रहने का अनुमान है, जिसके बाद भू-राजनीतिक संघर्ष के सीमित रहने की धारणा के तहत यह 2026 में घटकर 3.1% और 2027 में 3.2% रहने का अनुमान है | मुद्रास्फीति का दबाव, जो 2025 के अधिकांश समय में कम हो गया था, उच्च ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति-पक्ष व्यवधानों के कारण एक बार फिर बढ़ने के जोखिमों का सामना करने लगा है।

घरेलू मोर्चे पर, अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रही है। कृषि और सेवा क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि से वित्त वर्ष 2026 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.5% तक पहुंचने की उम्मीद है, हालांकि विनिर्माण क्षेत्र में

MD & CEO'S STATEMENT

Dear Shareholders,

With great pleasure and immense gratitude, I present to you the highlights of our Bank's performance for the financial year 2025-26.

First and foremost, I extend my deepest appreciation to each of you for your unwavering support and trust, which has played a pivotal role in our Bank's distinguished journey over the years and has enabled us to achieve yet another year of significant achievements, driven by our commitment to sustainable growth, innovation, and continuous value creation. I wish you all the best of health and spirits.

FY 2025-26 was a mixed bag, as far as global macroeconomic landscape was concerned, presenting both challenges and opportunities in its wake. On the positive note, global economy exhibited resilience, displaying gradual strengthening of growth impulses accompanied by stable inflation despite the imposition of tariffs by the US. Nevertheless, challenges persisted, primarily driven by escalating geopolitical conflicts, disruptions in trade routes, and cautious monetary policy stances maintained by global Central Banks. Challenges intensified in the second half due to territorial ambitions displayed by the US administration, given the intention to annexe Greenland after ensuring a regime change in Venezuela. Moreover, the new US regime also reneged on its commitment to free trade and adopted protectionism, imposing reciprocal tariffs on its trading partners, raising the prospects of stagflation across the globe.

International Monetary Fund (IMF) latest growth projections (April 2026 World Economic Outlook) show a resilient but fragile global economy, as global GDP growth has been estimated at approximately 3.4% in 2025, before moderating to 3.1% in 2026 and 3.2% in 2027 under the assumption of a contained geopolitical conflict. Inflationary pressures, which had eased through much of 2025, witnessed renewed upside risks due to higher energy prices and supply-side disruptions.

On the domestic front, the economy continued to remain robust, with real GDP growth set to touch 7.5% in FY26 buoyed by robust growth in agriculture and services sectors though growth in manufacturing sector continues

मामूली वृद्धि बनी हुई है। वित्त वर्ष 2026 की अंतिम तिमाही में जीडीपी विकास दर, खपत और सार्वजनिक निवेश के बल पर, 7.5% के करीब रहने की उम्मीद है। निजी खपत, जो चिंता का एक प्रमुख कारण बना हुआ था, अब उसमें सुधार के संकेत दिखने लगे हैं; इसकी मुख्य वजह वस्तुओं और सेवाओं पर लगने वाले करों में कमी के चलते लोगों की क्रय शक्ति में वृद्धि हुई है। निर्यात में भी अच्छा प्रदर्शन हुआ है तथा वस्तु एवं सेवाओं के निर्यात 800 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार किया है। अमेरिका द्वारा बढ़ाए गए शुक्ल के माहौल में भी यह संभव हो पाया, जिसका श्रेय प्रभावी व्यापार विविधीकरण और प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों की श्रृंखला को जाता है।

हालाँकि, भारत पश्चिम एशियाई संकट के कारण उत्पन्न झटके से पूरी तरह अछूता नहीं रह सकता है। हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य की नाकेबंदी और खाड़ी क्षेत्र में रिफाइनरियों के बंद होने से तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिसका असर विकास और मुद्रास्फीति पर पड़ सकता है। आतिथ्य और पर्यटन, लॉजिस्टिक्स, शिपिंग, उर्वरक, रेस्तरां, ग्रैन्यूल्स कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जो प्रभावित हो सकते हैं। यदि संघर्ष लंबा चलता है तो विप्रेषण भी प्रभावित हो सकते हैं।

कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने वित्त वर्ष 27 में भारतीय अर्थव्यवस्था के लगभग 6.5% की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। हमारी अर्थव्यवस्था को सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में मजबूती और कॉरपोरेट एवं बैंक तुलन पत्र की अच्छी स्थिति से भी बल मिलता है। सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षमताओं पर बढ़ते जोर से नवाचार और विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। भारत रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी एक प्रमुख भागीदार के रूप में उभर रहा है। इसके अलावा, भारत तेजी से वैश्विक क्षमता केंद्रों और डेटा केंद्रों के रूप में उभर रहा है जो रोजगार के विशाल अवसर पैदा कर रहा है। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बदलाव से वस्त्र, अर्धचालक, ऑटो कलपुर्जे, दवाईयाँ, फुटवियर और खिलौने जैसे क्षेत्रों को भारी लाभ होने की संभावना है। हालांकि, मानसून के सामान्य से कम रहने की संभावना है, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मानसून के दीर्घकालिक औसत (एलपीए) का 92% रहने का पूर्वानुमान लगाया है। इन घरेलू और वैश्विक व्यापक आर्थिक कारकों को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2027 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.9% रहने का अनुमान जताया है।

वित्त वर्ष 2026 में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र मजबूत और लचीला बना रहा, जिसमें आस्ति गुणवत्ता में निरंतर सुधार, अशोध्य ऋणों के लिए बेहतर प्रावधान, सतत पूंजी पर्याप्तता और लाभप्रदता में वृद्धि देखने को मिली। हालांकि, नए अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) नियम लागू होने वाले है लेकिन बैंक अतिरिक्त पूंजी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए पर्याप्त रुप से पूंजीकृत है। अनुकूल घरेलू वृहद-आर्थिक परिस्थितियों ने

to be modest. GDP growth rate for the last quarter of FY26 is expected to be closer to 7.5% buoyed by consumption and public investment. Private consumption which was a major cause for worry has begun showing green shoots facilitated by rise in purchasing power on account of reduction in goods and services taxes. Exports have also done well with merchandise and services exports crossing the $800 billion mark. This was possible even in an environment of heightened tariffs by the US due to effective trade diversification and the series of free trade agreements with major trading partners.

However, India cannot be fully immune to shocks created due to the West Asian crisis. The blockade of the Strait of Hormuz and refinery outages in the Gulf has impacted oil and gas supplies, which could impinge on growth and inflation. Hospitality and tourism, logistics, shipping, fertilisers, restaurants, granules are some of the sectors, to name a few, which could be impacted. Remittances could also be impacted if the conflict prolongs.

Despite multiple headwinds, major international agencies forecast Indian economy to grow around 6.5% in FY27. Our economy also draws strength from robust public capital expenditure and healthy corporate & Bank balance sheets. The increasing emphasis on semiconductors, electronics and Artificial Intelligence capabilities is expected to spur innovation and growth. India is also emerging as a major player in defence, renewable energy and space technology. Moreover, India is fast emerging as a hub for global capability centres and data centres generating huge employment opportunities. The shift in global economic landscape is set to immensely benefit sectors like textiles, semi-conductors, auto components, pharmaceuticals, footwear and toys. Monsoon, however, is likely to be below normal with the India meteorological Department (IMD) forecasting monsoon at 92% of the Long Period Average (LPA). Considering these domestic and global macroeconomic factors, the Reserve Bank of India (RBI) has projected real GDP growth at 6.9% for FY 2027.

The Indian Banking sector remained sound and resilient in FY 2026 with continued improvement in asset quality, enhanced provisioning for bad loans, sustained capital adequacy and rise in profitability. Though the new Expected Credit Loss (ECL) norms will kick in banks are well capitalised to absorb the extra capital

वित्त वर्ष 26 के लिए 15% की ऋण वृद्धि को बढ़ावा दिया है। हालाँकि, ऋण विस्तार की तुलना में जमा राशियों में कम वृद्धि का होना एक प्रकार से चुनौतियां बनी रहीं, जिससे बैंकों के बीच जमा राशि के लिए प्रतिस्पर्धा और अधिक तेज हो गई। वित्तीय वर्ष 25 के अधिकांश भाग में बैंकिंग प्रणाली में तरलता की तंगी बनी रही, जिससे बैंकों के मार्जिन पर दबाव पड़ा, क्योंकि उन्हें उच्च लागत पर धन जुटाना पड़ा।

मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि इन तमाम चुनौतियों के बावजूद हमारे वैश्विक कारोबार वर्ष दर वर्ष 12.11% की वृद्धि के साथ अर्थात 19,187 करोड़ (12 माह) के निवल लाभ के साथ 28 लाख करोड़ रुपये के पार पहुँच गया है।

इसके अतिरिक्त, बैंक के निदेशक मंडल ने वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की स्वीकृति के अधीन वर्ष 2025-26 के लिए शेयरधारकों को ₹2/- अंकित मूल्य के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर ₹4.2/- (अर्थात 210%) का लाभांश देने की अनुशंसा की है। इसकी तुलना वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वितरित ₹4 प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश से की गई थी और यह हमारे सम्मानित शेयरधारकों के लिए मूल्य निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

मुझे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान हमारे प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों और शुरु की गई पहलों के विवरण के साथ हमारे बैंक के कार्यनिष्पादन के मुख्य अंश आपके सामने रखते हुए प्रसन्नता हो रही है।

बैंक का प्रमुख कार्यनिष्पादन

कारोबार

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक का वैश्विक कारोबार बढ़कर ₹28,06,226 करोड़ हो गया, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 12.11% की वृद्धि दर्ज की गई; वहीं वैश्विक जमा 9.71% की वार्षिक दर से बढ़कर ₹15,68,678 करोड़ और वैश्विक अग्रिम 15.30% की वार्षिक दर से बढ़कर ₹12,37,548 करोड़ हो गया। घरेलू कारोबार पर दिए गए ज़ोर के परिणामस्वरुप इसमें वर्ष-दर-वर्ष 11.04% बढ़कर ₹25,98,048 करोड़ हो गया, इसमें घरेलू जमा में वर्ष-दर-वर्ष 7.95% बढ़कर ₹14,36,905 करोड़ और घरेलू अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 15.12% बढ़कर ₹11,61,143 करोड़ हो गया। यथा मार्च 2026 तक, खुदरा मीयादी जमा वर्ष-दर-वर्ष 9.33% की वृद्धि दर्ज करते हुए यह ₹5,81,851 करोड़ हो गई। साथ ही, यथा मार्च 2026 तक, कासा जमा ₹4,28,804 करोड़ रहा, जिसमें बचत जमा ₹ 3,66,581 करोड़ और चालू जमा ₹62,223 करोड़ है। यथा 2026 मार्च तक बैंक का घरेलू कासा अनुपात 29.84% था, जबकि लगभग 12.15 करोड़ जमाकर्ताओं का एक मज़बूत ग्राहक आधार बनाए रखा।

requirements. Favourable domestic macroeconomic conditions have fuelled credit growth of 15% for FY26. However, headwinds remained from deposit growth lagging behind credit expansion, thereby intensifying competition for deposits among Banks. Tight liquidity conditions in the Banking system for the most part of FY25 also constrained margins of banks as they had to endure higher cost of funds.

Despite the challenges, I am delighted to announce that our global business surpassed ₹28 Lakh Crores with a robust 12.11% y-o-y growth in Net Profit to ₹19,187 Crores (12 Months).

Further, the Board of Directors of the Bank have recommended a dividend of ₹4.2/- per equity share (i.e. 210%) of face value of ₹2/- each to the Shareholders for the year 2025-26, subject to the approval of the Shareholders at the AGM. This is as compared to the dividend of ₹4 per equity share distributed for FY 2024-25 and is testimony to our commitment to value creation for our esteemed Shareholders.

I am delighted to place before you the highlights of our Bank's performance during FY 2025-26, accompanied by details regarding the achievements and initiatives undertaken by our esteemed institution.

KEY PERFORMANCE OF THE BANK

BUSINESS

During FY 2025-26, the global business of the Bank grew to ₹28,06,226 Crores, up by 12.11% y-o-y with global deposits growing at a pace of 9.71% y-o-y to ₹15,68,678 Crores and global advances growing by 15.30% y-o-y to ₹12,37,548 Crores. The enhanced thrust on domestic business resulted in the growth of 11.04% y-o-y to ₹25,98,048 Crores with domestic deposits growing by 7.95% y-o-y to ₹14,36,905 Crores and domestic advances growing by 15.12% y-o-y to ₹11,61,143 Crores. As at March 2026, Retail Term deposits registered a growth of 9.33% y-o-y to ₹5,81,851 Crores. Also, as at March 2026, CASA deposits are at ₹4,28,804 Crores with savings deposits at ₹3,66,581 Crores and current deposits at ₹62,223 Crores. The domestic CASA ratio of Bank stood at 29.84% as on March 2026 while maintaining a strong deposits clientele base of around 12.15 Crores.

बैंक, कृषि और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) जैसे क्षेत्रों के साथ ही आवास, शिक्षा और वाहन ऋण सहित खुदरा आस्तियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमेशा एक सुसंतुलित आस्ति मिश्रण बनाए रखने के लिए प्रयासरत है। इस वर्ष बैंक का खुदरा पोर्टफोलियो वर्ष-दर-वर्ष 32.93% बढ़कर ₹2,96,912 करोड़ हो गया है, जिसमें आवास ऋण 17.55% वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर ₹1,24,799 करोड़, वाहन ऋण 26.33% वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर ₹26,070 करोड़ हो गया और शिक्षा ऋण 11.67% वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर ₹21,060 करोड़ हो गया। एमएसएमई खंड के लिए अग्रिम ₹1,57,831 करोड़ रहा, जिसमें मार्च 2026 तक 12.85% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज हुई। मार्च 2026 तक उधार लेने वाले ग्राहकों की संख्या ₹1.23 करोड़ रही।

वित्तीय कार्यनिष्पादन

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए, बैंक की कुल आय 7.73% वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर ₹1,53,204 करोड़ हो गई और निवल ब्याज आय बैंक द्वारा भुगतान किए गए ब्याज और अर्जित ब्याज के बीच का अंतर 0.37% वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर ₹37,210 करोड़ हो गया। इस वर्ष सकल एनपीए अनुपात 110 बीपीएस की कमी के साथ 1.84% रहा और निवल एनपीए 27 बीपीएस वर्ष-दर-वर्ष घटकर 0.43% हो गया। मार्च, 2026 तक प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 151 बीपीएस सुधार के साथ 94.21% हो गया।

लाभप्रदता

बैंक का निवल लाभ वित्त वर्ष 2025-26 में वर्ष-दर-वर्ष 12.69% की मजबूत वृद्धि दर्ज करते हुए ₹19,187 करोड़ हो गया है जिससे परिचालन लाभ वर्ष-दर-वर्ष 5.19% बढ़कर ₹33,019 करोड़ हो गया। बैंक का निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) मार्च 2025 में 2.73% से 22 बीपीएस कमी के साथ मार्च, 2026 में 2.51% हो गया। मार्च 2025 में बैंक की आस्ति पर रिटर्न (आरओए) 1.09% से बढ़कर मार्च 2026 में 1.10% हो गया।

हमारे बैंक के पास पर्याप्त पूंजी सुरक्षा उपलब्ध है, और बेसल III के तहत इसका पूंजी पर्याप्तता अनुपात मार्च 2025 के 16.33% की तुलना में मार्च 2026 तक बढ़कर 17.04% हो गया है।

बैंक द्वारा की गई नई डिजिटल पहल

a) **ब्रेल क्रेडिट कार्ड:** दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए ब्रेल क्रेडिट कार्ड पेश किए गए।

b) **सुरक्षित जमा लॉकर:** मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से सुरक्षित जमा लॉकर के लिए नामांकन अद्यतन किए गए।

The Bank is always keen on maintaining a well-balanced asset mix, encompassing sectors such as Agriculture and Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs) as well as keeping a focus on retail assets, including Housing, Education, and Vehicle loans. This year our Bank's retail portfolio grew by 32.93% y-o-y to ₹2,96,912 Crores with Housing loans growing by 17.55% y-o-y to ₹1,24,799 Crores, vehicle loans growing by 26.33% y-o-y to ₹26,070 Crores and education loan growing by 11.67% y-o-y to ₹21,060 Crores. Advances to MSME segment stood at ₹1,57,831 Crores, a y-o-y growth of 12.85% as at March 2026. The number of borrowal clientele stood at ₹1.23 Crores as at March 2026.

FINANCIAL PERFORMANCE

For FY 2025-26, the total Income of the Bank increased by 7.73% y-o-y to ₹1,53,204 Crores and the net interest income, the difference between interest paid and interest earned by the Bank, grew by 0.37% y-o-y to ₹37,210 Crores. The Gross NPA ratio declined by 110 bps y-o-y to 1.84% this year and Net NPA declined by 27 bps y-o-y to 0.43%. Provision Coverage Ratio (PCR) improved by 151bps y-o-y to 94.21% as at March 2026.

PROFITABILITY

The Bank has growth of 12.69% y-o-y in net profit to ₹19,187 Crores in FY 2025-26 with operating profit growing by 5.19% y-o-y to ₹33,019 Crores. Net Interest Margin (NIM) of the Bank decline by 22 bps at 2.51% in March 2026 from 2.73% in March 2025. Return on Assets (RoA) of the Bank improved at 1.10% in March 2026 from 1.09% in March 2025.

Our Bank has a comfortable capital cushioning with improved Capital Adequacy Ratio, under Basel III at 17.04% as at March 2026 in comparison to 16.33% as at March 2025.

NEW DIGITAL INITIATIVES TAKEN BY THE BANK

a) **Braille Credit Cards:** Introduced Braille Credit cards for Visually Impaired Persons

b) **Safe Deposit Lockers:** Nominee updation for Safe Deposit Lockers through Mobile Banking & Internet Banking

c) **केनरा ai1 में क्रेडिट कार्ड मॉड्यूल:** केनरा ai1 मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन में नई सुविधाओं के साथ क्रेडिट कार्ड मॉड्यूल जैसे ईएमआई विवरण देखें, ईएमआई का मोचन निषेध, परिक्रामी सुविधा बदलना आदि लागू किया गया है।

d) **केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा:** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) सीबीडीसी में प्रोग्राम योग्यता वृद्धि: पीएमजीकेएवाई के लिए प्रोग्रामेबल सीबीडीसी फ्रेमवर्क को बेहतर बनाया गया है, ताकि यह कमोडिटी-स्तर के प्रतिबंधों को भी सपोर्ट कर सके; इस तरह यह स्थान और व्यापारी कोड जैसे बुनियादी मापदंडों से आगे बढ़ गया है। व्यापारी अनुप्रयोगों के साथ यह एकीकरण खरीद के बिंदु पर वास्तविक समय सत्यापन को सक्षम बनाता है, जिससे लक्षित लाभ वितरण में उच्च सटीकता और प्रभावशीलता सुनिश्चित होती है।

e) **अंतरपरिचालनीय कार्ड-रहित नकद निकासी:** नकदी रिसाइक्लर में एक अधिग्रहणकर्ता के रूप में अंतरपरिचालनीय कार्ड-रहित नकद निकासी (आईसीसीडब्ल्यू) कार्यक्षमता का कार्यान्वयन।

पर्यावरणीय, सामाजिक एवं अभिशासन (ईएसजी) पद्धतियाँ:

पर्यावरणीय:

हरित पहलों के अंतर्गत, बैंक ने निम्नलिखित पहलें की हैं:

- ✓ एलईडी लाइट और बीईई-रेटेड एसी यूनिट्स का उपयोग बढ़ाया गया।
- ✓ डीजी सेटों को चरणबद्ध तरीके से हटाना
  - ❖ बैंक के स्वामित्व वाली सभी 122 इमारतों में वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित की गई। 165 बैंक-स्वामित्व वाली संपत्तियों पर सोलर रूफटॉप पावर सिस्टम, जिसकी कुल क्षमता 4133 केडब्लूपी है।
  - ❖ कर्मचारियों के ई-वाहनों को चार्ज करने के लिए प्रधान कार्यालय भवन में एक ईवी चार्जिंग स्टेशन शुरू किया गया है।
  - ❖ बैंक को कुल 35 ग्रीन बिल्डिंग प्रमाणन से सम्मानित किया गया है, जिसमें 33 कार्यालय परिसर और एक प्रशिक्षण केंद्र (केनरा इंस्टीट्यूट ऑफ बैंक मैनेजमेंट, मणिपाल) शामिल हैं, जिन्हें आईजीबीसी ग्रीन बिल्डिंग प्रमाणन ढांचे के तहत मान्यता प्राप्त है, जिनमें से 7 इमारतों को सिल्वर रेटिंग दी गई है। इसके अलावा, बैंक की 1 आवासीय इमारत को जीआरआईएचए (एकीकृत आवास के लिए ग्रीन रेटिंग) के तहत प्रमाणित किया गया है।

c) **Credit Card Module in Canara ai1:** Credit Card Module with new features such as View EMI details, Foreclosure of EMI, Changing Revolving Facility etc., implemented in Canara ai1 Mobile Banking application.

d) **Central Bank Digital Currency:** Pradhan Mantri Garib Kalyan Anna Yojana (PMGKAY) Programmability Enhancement in CBDC: The Programmable CBDC framework for PMGKAY has been enhanced to support commodity-level restrictions, moving beyond basic parameters like location and merchant codes. This integration with merchant applications enables real-time validation at the point of purchase, ensuring higher precision and effectiveness in targeted benefit distribution.

e) **Interoperable Card-less Cash Withdrawal:** Implementation of Interoperable Card-less Cash Withdrawal (ICCW) functionality as an acquirer in Cash Recyclers.

ENVIRONMENTAL, SOCIAL & GOVERNANCE (ESG) PRACTICES

ENVIRONMENTAL:

As part of green initiatives, Bank has undertaken following initiatives:

- ✓ Increased usage of LED lights, BEE rated AC units
- ✓ Gradual phasing out of DG sets
  - ❖ Installed Rain Water Harvesting system in all 122 feasible Bank owned properties and Solar Rooftop Power system across 165 Bank owned properties, with a total capacity of 4133 kWp.
  - ❖ EV charging station has been commissioned in Head Office Building for charging of staff's E-Vehicles.
  - ❖ Bank has been awarded a total of 35 Green building certifications, including 33 office premises and one training centre (Canara Institute of Bank Management Manipal) accredited under the IGBC Green Building certification framework, of which 7 buildings have been accorded silver rating. Further, Bank's 1 Residential building has been certified under GRIHA (Green Rating for Integrated Habitat).

- ❖ बैंक के पास सतत वित्त के तहत एक महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो है जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं, संपीड़ित बायोगैस और ऊर्जा संरक्षण योजना, पीएम-कुसुम के तहत सौर पंप योजना, सब्सिडी के साथ आवासीय क्षेत्र के लिए रूफ टॉप सोलर (आरटीएस), ई-वाहनों के लिए केनरा ग्रीन व्हील्स योजना शामिल हैं।
- ❖ बैंक के स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए क्रमशः कुल 11272.51 t CO_2 और 165168.84 t CO_2 हैं।

सामाजिक

बैंक गैर-लाभकारी संगठनों के माध्यम से वंचित समुदायों की मदद और उत्थान में संलग्न होकर समाज को प्रभावित कर रहा है

- ✓ केनरा शताब्दी ग्रामीण विकास ट्रस्ट
- ✓ केनरा वित्तीय सलाहकार ट्रस्ट
- ✓ केनरा स्वर्ण जयंती शिक्षा निधि
- ✓ केनरा राहत और कल्याण सोसायटी
- ✓ वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी)
- ✓ ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी)
- ✓ ग्रामीण विकास और स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (रुडसेटी)

- ❖ मार्च 2026 तिमाही के दौरान, बैंक ने अपने आरसेटी और रुडसेटी के माध्यम से 2,370 जागरूकता कार्यक्रम और 662 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए, जिससे 18,000 से अधिक उम्मीदवारों को अपने कौशल को उन्नत करने में मदद मिली।
- ❖ बैंक के पास 118 वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी) हैं जिनके माध्यम से मार्च 2026 तिमाही के दौरान 6,295 शिविर आयोजित किए गए और 6,09,611 व्यक्तियों को वित्तीय साक्षरता प्रदान की गई।
- ❖ विविधता, समानता और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए, बैंक ने बैंक की महिला कर्मचारियों को सहयोग प्रदान करने हेतु 'अद्वैता' (Advaita) नामक एक 'महिला सशक्तिकरण समिति' का गठन किया है।

अभिशासन

स्थिरता की दिशा में बैंक की यात्रा हेतु, बैंक ने निम्नलिखित व्यवस्थाएँ की हैं:

- ❖ Bank is having a significant portfolio under sustainable finance which includes Renewable Energy Projects, Compressed Biogas & Energy Conservation scheme, Solar Pump scheme under PM-KUSUM, Roof Top Solar (RTS) for residential sector with subsidy, Canara Green Wheels scheme for E vehicles.
- ❖ Scope 1 & Scope 2 emissions of the Bank accounts for a total of 11272.51 t CO_2 and 165168.84 t CO_2 respectively for the financial year 2025-26.

Social:

Bank is impacting the Society by engaging in helping and uplifting the underserved communities through non-profit organizations viz.,

- ✓ Canara Centenary Rural Development Trust
- ✓ Canara Financial Advisory Trust
- ✓ Canara Golden Jubilee Education Fund
- ✓ Canara Relief and Welfare Society
- ✓ Financial Literacy Centres (FLC)
- ✓ Rural Self Employment Training Institutes (RSETIs)
- ✓ Rural Development & Self Employment Training Institutes (RUDSETIs)

- ❖ During March 2026 quarter, Bank has conducted 2,370 awareness programs and 662 training programs through its RSETIs and RUDSETIs, benefiting 18,000 plus candidates to upgrade their skill sets.
- ❖ Bank has 118 Financial Literacy Centres (FLCs) through which 6,295 camps have been conducted and 6,09,611 persons were extended Financial Literacy during March 2026 quarter.
- ❖ To promote diversity, equity & inclusive growth, Bank has placed a Women Empowerment Committee named as 'Advaita' to support the women employee fraternity of the Bank.

GOVERNANCE

For the Bank's journey towards Sustainability, Bank has in place:

- ✓ बोर्ड द्वारा अनुमोदित ईएसजी नीति
- ✓ ग्रीन जमा नीति और ऋण ढाँचा
  - ❖ बैंक वार्षिक रिपोर्ट के भाग के रूप में प्रतिवर्ष अपनी बीआरएसआर प्रकाशित करता है, साथ ही एक समर्पित स्थिरता रिपोर्ट भी प्रकाशित करता है जो पर्यावरण प्रबंधन, सामाजिक सशक्तिकरण और दीर्घकालिक लचीलापन में अपनी पहलों पर प्रकाश डालती है।
  - ❖ बैंक में एक मुख्य नैतिकता अधिकारी है और संगठन में व्यावसायिक नैतिकता के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक विशेष 'नैतिकता अनुभाग' है।
  - ❖ बैंक को इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित दूसरे आईसीसी इमर्जिंग एशिया कॉन्क्लेव 2024 में "उत्कृष्ट प्रथाओं और ईएसजी पहलों को अपनाने" सम्मानित किया गया है।
  - ❖ सस्टेनेनालिटिक्स द्वारा बैंक की ईएसजी जोखिम रेटिंग को उच्च से मध्यम स्तर में सुधार किया गया है, जो इसके उन्नत स्थिरता प्रदर्शन को दर्शाता है

भविष्य का दृष्टिकोण

वित्त वर्ष 2026-27 के लिए आशावादी दृष्टिकोण बना हुआ है, जो सतत घरेलू विकास गति, नियामक से तरलता समर्थन, आस्ति गुणवता में सुधार और लाभप्रद पूंजी बफर से समर्थित है। इस पृष्ठभूमि में वित्त वर्ष 2027 में भी ऋण वृद्धि मजबूत रहने की उम्मीद है।

वित्त वर्ष 2026 में शुरू किए गए हमारे कासा अभियान की सफलता के पश्चात अब बैंक नवीन और ग्राहक अनुकूलित उत्पादों के माध्यम से ग्राहक आधार का विस्तार करने के साथ साथ मौदूदा ग्राहकों के साथ फिर से जुड़कर वित्त वर्ष 27 में कम लागत वाले जमा आधार को बढ़ाने पर केंद्रित है। सुरक्षित, त्वरित और निर्बाध ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए डिजिटल सुविधाओं को मजबूत करना हमारे प्रयासों का आधार होगा। बैंक मार्जिन बढ़ाने के उद्देश्य से कॉर्पोरेट संविभाग का पुनर्मूल्यांकन करते समय सामरिक रुप से आरएएम क्रेडिट पोर्टफोलियो (खुदरा, कृषि और संबद्ध गतिविधियां और एमएसएमई) पर जोर देकर अपनी आधार रेखा को बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है। बैंक निरंतर नवाचार के लिए प्रतिबद्ध है, उद्योग की बदलती गतिशीलता और ग्राहक प्राथमिकताओं के अनुरूप अपनी शक्तियों का लाभ उठाता है तथा अपने सभी हितधारकों के लिए स्थायी मूल्य सृजित करता है।

- ✓ Board approved ESG Policy.
- ✓ Green Deposit Policy & Lending Framework.
  - ❖ The Bank publishes its BRSR annually as part of the Annual Report, along with a dedicated Sustainability Report that highlights its initiatives in environmental stewardship, social empowerment, and long-term resilience.
  - ❖ Bank has a Chief Ethics Officer and an exclusive 'Ethics Section' is in place to oversee the implementation of business ethics in the organization.
  - ❖ Bank has been recognized for "Excellent Practices and Adoption of ESG Initiatives" at the 2nd ICC Emerging Asia Conclave 2024, organized by the Indian Chamber of Commerce.
  - ❖ Bank's ESG Risk Rating has been improved from High to Medium by Sustainalytics, reflecting its enhanced sustainability performance.

WAY FORWARD

The outlook for FY 2026-27 remains optimistic, bolstered by sustained domestic growth momentum, liquidity support from the regulator, improving asset quality and healthy capital buffers. In this backdrop, credit growth is anticipated to remain robust in FY27 as well.

Building on the success of our CASA campaign launched in fiscal 2026 the Bank remains focused to significantly enhance the low-cost deposits base in FY 2026-27 by expanding the customer base through innovative and customized products as well as reconnecting with existing customers. Strengthening its digital capabilities to offer secure, fast and seamless customer experience will be a cornerstone of our efforts. Bank also remains focussed on enhancing its bottom line by strategically emphasizing RAM credit portfolio (Retail, Agriculture & Allied activities and MSME) while reassessing the corporate portfolio with the aim of enhancing margins. The Bank remains committed to continuous innovation, leveraging its strengths in response to evolving industry dynamics and shifting customer preferences and generate enduring value for all its stakeholders.

बैंक प्रबंधन अर्थव्यवस्था के समावेशी विकास में योगदान करते हुए, "बैंकिंग के लिए सर्वश्रेष्ठ बैंक" बनने के दृष्टिकोण के अनुरूप वित्त वर्ष 2026-27 और उससे भी आगे के बाद मजबूत बुनियादी सिद्धांतों साथ नए युग की डिजिटल तकनीकी का उपयोग करके सभी कारोबारिक क्षेत्रों में संवर्धित विकास हासिल करने को लेकर पूर्णतय: आश्वस्त है।

मैं निदेशक मंडल के सभी सदस्यों के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूँ जिनके बहुमूल्य समर्थन, मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि के बल पर हम सफल हो सके है। मैं, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने समय-समय पर अपना समर्थन और मार्गदर्शन से हमारा पथ प्रदर्शित किया है। कड़ी मेहनत, समर्पण और अटूट प्रतिबद्धता के लिए मैं अपने सभी कर्मचारियों को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। इस विकास यात्रा में सभी ग्राहकों और हितधारकों का बेहतर सहयोग हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। मैं आशा करता हूँ कि भविष्य की नई उँचाईयों को प्रप्त करने में आप सभी का सतत सहयोग, व समर्थन मिलता रहेगा।

हरदीप सिंह अहलूवालिया
प्रबंध निदेशक व
मुख्य कार्यकारी अधिकारी(प्रभारी) एवं
कार्यपालक निदेशक

दिनांक : 27.05.2026

The Bank's management is confident about achieving augmented growth across all business segments by harnessing new age digital technology with strengthened fundamentals in FY 2026-27 and beyond, aligning with the vision to become the "Best Bank to Bank With", while contributing to the inclusive growth of the economy.

I extend my gratitude to all members of the Board for their invaluable support, guidance, and insights provided to the management. I also express appreciation to the Department of Financial Services, Ministry of Finance, and the Reserve Bank of India for their support and guidance from time to time. Heartfelt thanks are extended to all our employees for their hard work, dedication, and unwavering commitment. The unequivocal support of all customers and stakeholders in this growth journey has been extremely important for us. We look forward to your continued patronage, support and goodwill as we strive to reach new heights.

Hardeep Singh Ahluwalia
Managing Director &
Chief Executive Officer (I/C) &
Executive Director

Date: 27.05.2026

सूचना

एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि केनरा बैंक के शेयरधारकों की 24वीं ("चौबीसवीं") वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") **मंगलवार, 23 जून, 2026 को सुबह 11 बजे भारतीय मानक समय ("आईएसटी") के अनुसार, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") / अन्य ऑडियो–विज़ुअल माध्यमों ("ओएवीएम")** के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसमें निम्नलिखित कार्यों पर विचार–विमर्श किया जाएगा:

सामान्य कार्य

1. 31 मार्च 2026 को बैंक के एकल और समेकित लेखापरीक्षित तुलन पत्र पर चर्चा, अनुमोदन और अंगीकार करना, 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि लेखा, तुलन पत्र और लेखा पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और लेखा द्वारा संरक्षित की गई अवधि के लिए बैंक के कामकाज और गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट ।

2. वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए लाभांश घोषित करना ।

विशेष कार्य

3. श्री सुनील कुमार चुघ को बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त करने संबंधी मंजूरी देना और विमर्श करना ।

   निम्नलिखित प्रस्ताव पर विचार करना और यदि उचित समझा जाए तो उसे साधारण प्रस्ताव के रूप में पारित करना।

"यह संकल्प किया जाता है कि सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 17 और अन्य लागू विनियमों के अनुसार, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अतंरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उप–धारा (3) के खंड (ए) के प्रावधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संदर्भ ईएफ.सं. 4/4(v)/2024–बीओ.आई. दिनांक 24 नवंबर, 2025 के माध्यम से, पदभार ग्रहण करने की तारीख से तीन साल की अवधि के लिए, यानी 24 नवंबर, 2025 से 23 नवंबर, 2028 तक या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री सुनील कुमार चुघ की नियुक्ति को अनुमोदित किया जाता है।

4. बैंक के सरकारी मनोनीत निदेशक के रूप में सुश्री शालिनी पंडित की नियुक्ति पर विचार करना और उसका अनुमोदन करना।

NOTICE

Notice is hereby given that the 24th ("Twenty-Fourth") Annual General Meeting ("AGM") of the Shareholders of Canara Bank will be held on **Tuesday, the 23rd June, 2026 at 11 A.M. Indian Standard Time ("IST") through Video Conferencing ("VC") / Other Audio-Visual Means ("OAVM"),** to transact the following business:

ORDINARY BUSINESS

1. To discuss, approve and adopt the Standalone and Consolidated Audited Balance Sheet of the Bank as at 31st March 2026, Profit & Loss Account for the year ended 31st March 2026, the Report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank for the period covered by the Accounts and the Auditors' Report on the Balance Sheet and Accounts.

2. To declare dividend for the financial year 2025-26.

SPECIAL BUSINESS

3. To consider and approve the appointment of Shri Sunil Kumar Chugh as Executive Director of the Bank.

   To consider and if thought fit, to pass the following as an Ordinary Resolution:

"RESOLVED THAT in accordance with Regulation 17 and other applicable regulations of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the appointment of Shri Sunil Kumar Chugh as Executive Director of the Bank in exercise of powers conferred by the proviso to clause (a) of Sub-section (3) of Section 9 of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, vide Notification Ref eF.no.4/4(v)/2024-BO.I dated November 24, 2025 issued by GoI, for a period of three years with effect from the date of assumption of charge of the office, i.e., from November 24, 2025 to November 23, 2028 or until further orders, whichever is earlier be and is hereby approved.

4. To consider and approve the appointment of Ms. Shalini Pandit as Government Nominee Director of the Bank.

निम्नलिखित पर विचार करते हुए और यदि उचित समझा जाए तो इसे एक साधारण प्रस्ताव के रूप में पारित करने के लिए:

"यह संकल्प किया जाता है कि सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं एंव प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियम 17 और अन्य लागू विनियमों के अनुसार, बैंकिंग कंपनी (अधिग्रहण और उपक्रमों का हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (बी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुश्री शालिनी पंडित को अधिसूचना संख्या 13 मई, 2026 के माध्यम से बैंक के बोर्ड में सरकारी मनोनीत निदेशक के रूप में तत्काल प्रभाव से, अर्थात् 13 मई, 2026 से और अगले आदेश तक, नियुक्त और अनुमोदित किया जाता है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार

संतोष कुमार बारिक

संतोष कुमार बारिक
कंपनी सचिव

स्थान : बेंगलूरु
दिनांक : 27.05.2026

To consider and if thought fit, to pass the following as an Ordinary Resolution:

"RESOLVED THAT in accordance with Regulation 17 and other applicable regulations of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the appointment of Ms. Shalini Pandit as Government Nominee Director on the Board of the Bank in exercise of powers conferred by clause (b) of Sub-section (3) of Section 9 of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, vide Notification No.e F. No. 6/2(ii)/2022-BO.I dated May 13, 2026 issued by GoI , with immediate effect, i.e., from May 13, 2026 and until further orders be and is hereby approved.

By Order of the Board of Directors

SANTOSH KUMAR BARIK
COMPANY SECRETARY

Place : Bengaluru
Date : 27.05.2026

नोट

1. व्याख्यात्मक विवरणी

सूचना की मद संख्या 3 व 4 के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्यों को निर्धारित करने वाला व्याख्यात्मक विवरण अलग से दिया गया है।

2. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वार्षिक आम बैठक (एजीएम)

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने, इस संबंध में जारी पिछले परिपत्रों के साथ पढ़े जाने वाले सामान्य परिपत्र 03/2025 (दिनांक 22 सितंबर, 2025) के माध्यम से सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 05.05.2020 के पैरा 3 और पैरा 4 में निर्धारित आवश्यकताओं के अनुसार कंपनियों की वार्षिक आम बैठकों (एजीएम) के लिए दी गई छूटों को आगे बढ़ा दिया है। "परिपत्रों के अनुरूप, बैंक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने 24वें एजीएम का संचालन कर रहा है, जिसे "ई–एजीएम" कहा जाता है।''

24वें एजीएम के लिए निर्धारित स्थान बैंक का प्रधान कार्यालय होगा।

बैंक ने ई–एजीएम के संचालन के लिए वार्षिक आम बैठक और अटेंडेंट एनेबलर्स के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा प्रदान करने के लिए केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) को नियुक्त किया है।

3. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) / अन्य ऑडियो विजुअल (ओएवीएम) के माध्यम से ई–एजीएम में भाग लेने के लिए निर्देश

a) वीसी / ओएवीएम पहले आओ पहले पाओ के आधार पर कम से कम 1000 शेयरधारकों की भागीदारी की अनुमति देगा।

b) बड़े शेयरधारकों (2% या अधिक शेयरधारिता रखने वाले शेयरधारक), प्रमोटरों, संस्थागत निवेशकों, निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक, लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष, नामांकन और पारिश्रमिक समिति और हितधारक संबंध समिति, लेखा परीक्षकों आदि के संबंध में ई–एजीएम में एफआईएफओ प्रवेश हेतु कोई प्रतिबंध नहीं है।

c) ई–एजीएम में भाग लेने वाले शेयरधारकों की उपस्थिति की गणना बैठक के कोरम की गणना के उद्देश्य से की जाएगी।

d) शेयरधारक बैठक शुरू होने के निर्धारित समय से 30 मिनट पहले और बाद में ई–एजीएम में शामिल हो सकते हैं।

e) शेयरधारक रिमोट ई–वोटिंग क्रेडेंशियल का उपयोग करके https://emeetings.kfintech.com/ के माध्यम

NOTES

1. EXPLANATORY STATEMENT

The Explanatory Statement setting out the material facts in respect of Item No. 3 & 4 of the Notice is given separately.

2. AGM THROUGH VIDEO CONFERENCING

Ministry of Corporate Affairs (MCA) vide general circular 03/2025 dated September 22, 2025 read with previous circulars in this regard has extended relaxations to Annual General Meeting (AGMs) of companies in accordance with the requirements laid down in Para 3 and Para 4 of the General Circular No.20/2020 dated 05.05.2020. In line with the circulars, the Bank is conducting its 24th AGM through Video Conferencing herein after called as “e-AGM”.

The deemed venue for the 24th AGM shall be the Head Office of the Bank.

The Bank has appointed KFin Technologies Limited, Registrars and Transfer Agent (RTA), to provide Video Conferencing facility for the Annual General Meeting and the attendant enablers for conducting of the e-AGM.

3. INSTRUCTIONS FOR ATTENDING THE e-AGM THROUGH VIDEO CONFERENCING (VC) / OTHER AUDIO-VISUAL MEANS(OAVM)

a) The VC / OAVM would allow participation of at least 1000 Shareholders on first-come-first-serve basis.

b) No restrictions on account of FIFO entry into e-AGM in respect of large Shareholders (Shareholders holding 2% or more shareholding), Promoters, Institutional Investors, Directors, Key Managerial Personnel, the Chairpersons of the Audit Committee, Nomination and Remuneration Committee and Stakeholders Relationship Committee, Auditors, etc.

c) The attendance of Shareholders attending the e-AGM would be counted for the purpose of reckoning the quorum of the meeting.

d) The Shareholders can join the e-AGM 30 minutes before and after the scheduled time of the commencement of the Meeting.

e) Shareholders may access the VC at https://emeetings.kfintech.com/under

से सदस्य लॉगिन के तहत वीसी का उपयोग कर सकते हैं। ई–एजीएम के लिए लिंक शेयरधारक / सदस्यों के लॉगिन में उपलब्ध होगा जहां इवेंट और कंपनी के नाम का चयन किया जा सकता है। कृपया ध्यान दें कि जिन शेयरधारकों के पास ई–वोटिंग के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड नहीं है या यूजर आईडी और पासवर्ड भूल गए हैं, वे नोटिस में उल्लिखित रिमोट ई–वोटिंग निर्देशों का पालन करके इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं।

f) शेयरधारकों को बेहतर अनुभव के लिए गूगल क्रोम के साथ लैपटॉप के माध्यम से बैठक में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

g) इसके अलावा, शेयरधारकों को कैमरा की अनुमति देने की आवश्यकता होगी, यदि कोई हो, और इसलिए बैठक के दौरान किसी भी गड़बड़ी से बचने के लिए अच्छी गति के इंटरनेट का उपयोग करें।

h) कृपया ध्यान दें कि मोबाइल उपकरणों या टैबलेट या मोबाइल हॉटस्पॉट के माध्यम से लैपटॉप जोड़कर जुडने वाले प्रतिभागी अपने संबंधित नेटवर्क में उतार–चढ़ाव के कारण ऑडियो / वीडियो की गुणवत्ता में कमी का अनुभव कर सकते हैं। इसलिए उपरोक्त किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए स्थिर वाई–फाई या लैन कनेक्शन का उपयोग करने की सिफारिश की जाती है।

i) किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हितधारक आरटीए/ तकनीकी सहायता केंद्र से evoting@kfintech.com पर संपर्क कर सकते हैं।

4. कार्यसूची मदों पर प्रश्न

कार्यसूची मदों पर अपने विचार व्यक्त करने / प्रश्न पूछने के इच्छुक शेयरधारक अपने प्रश्नों को अपने लॉगिन पेज https://evoting.kfintech.com/, पर उनके नाम, फोलियो/ डीमैट विवरण, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर का उल्लेख करके स्पीकर पंजीकरण पटल में प्रस्तुत कर सकते हैं। "एजीएम प्रश्न"" पटल को 10 जून 2026 को सुबह 10 बजे से 12 जून 2026 को शाम 5 बजे तक सक्रिय रहेगा।"

कृपया ध्यान दें कि, शेयरधारक की शंकाओं / विचारों / प्रश्नों का उत्तर केवल तभी दिया जाएगा, जब, शेयरधारक निर्दिष्ट तिथि अर्थात 16 जून 2026 तक शेयरों को धारण करना जारी रखता है।

बैठक में बोलने के इच्छुक शेयरधारकों को कैमरा चालू रखने की आवश्यकता है और बैठक के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा से बचने के लिए अच्छी गति के इंटरनेट का उपयोग करना होगा। शेयरधारक "स्पीकर पंजीकरण" के तहत उसी पटल में दिए गए विकल्प के माध्यम से अपने वीडियो को पहले से रिकॉर्ड और अपलोड भी कर सकते हैं।

Shareholders / Members login by using the remote e-Voting credentials. The link for e-AGM will be available in Shareholder / members login where the EVENT and the name of the company can be selected. Please note that the Shareholders who do not have the User ID and Password for e-Voting or have forgotten the User ID and Password may retrieve the same by following the remote e-Voting instructions mentioned in the notice.

f) Shareholders are encouraged to join the meeting through laptops with Google Chrome for better experience.

g) Further, Shareholders will be required to allow camera, if any, and hence use internet with a good speed to avoid any disturbance during the meeting.

h) Please note that participants connecting from mobile devices or tablets or through laptop connecting via mobile hotspot may experience audio / video loss due to fluctuation in their respective network. It is therefore recommended to use stable Wi-Fi or LAN connection to mitigate any kind of aforesaid glitches.

i) The stakeholders may contact RTA / Technical helpdesk at evoting@kfintech.com for any assistance.

4. QUERIES ON AGENDA ITEMS

The Shareholders who would like to express their views / pose queries on agenda items may submit their questions in the speaker registration window provided to them at their login page https://evoting.kfintech.com/, by mentioning their name, folio / demat details, e-mail ID and mobile number. The "AGM Questions" window shall be activated from 10 A.M. IST on 10th June, 2026 till 5 P.M. IST on 12th June, 2026.

Please note that, Shareholder's queries / views / questions will be responded to, only if, the Shareholder continues to hold the shares as on the cut-off date, i.e., 16th June, 2026.

Shareholders who wish to speak at the meeting will be required to allow camera and use internet with a good speed to avoid any disturbance during the meeting. The Shareholders can also record and upload their video in advance through the option provided in the same portal under "Speaker Registration."

वार्षिक सामान्य बैठक में बोलने और प्रश्न करने के इच्छुक शेयरधारक, https://evoting.kfintech.com/ में लॉग इन कर सकते हैं और डीमैट खाता संख्या/फोलियो नंबर, शहर, ई–मेल आईडी, मोबाइल नंबर का उल्लेख करके "स्पीकर पंजीकरण" पर क्लिक करके अपना प्रश्न प्रेषित कर सकते हैं। स्क्रीन पर एक संदर्भ संख्या प्रदर्शित की जाएगी जिसे ई–एजीएम बैठक में प्रश्न और उत्तर सत्र के दौरान पुनः प्रस्तुत के लिए संरक्षित किया जा सकता है।

जो शेयरधारक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में शामिल होने में सक्षम नहीं हैं, वे केफिनटेक की ई–वोटिंग वेबसाइट https://evoting.kfintech.com/ पर अपने रिमोट ई–वोटिंग क्रेडेंशियल का उपयोग करके एजीएम की कार्यवाही का लाइव वेबकास्ट देख पाएंगे।

5. परोक्षी की नियुक्ति

परोक्षी को शेयरधारक की ओर से आम बैठक में भाग लेने और मतदान करने की अनुमति है जो व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने में सक्षम नहीं है। चूंकि यह बैठक वीसी / ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाती है, जहां शेयरधारक की भौतिक उपस्थिति को समाप्त कर दिया गया है, परोक्षी की नियुक्ति की कोई आवश्यकता नहीं है। इसलिए, इस बैठक में शेयरधारक द्वारा परोक्षी की नियुक्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

6. प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति

कोई भी व्यक्ति किसी कंपनी या किसी अन्य निकाय कॉर्पोरेट के विधिवत अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बैठक में भाग लेने या मतदान करने का हकदार नहीं होगा, जो बैंक का शेयरधारक है, जब तक कि उसे विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने वाले संकल्प की प्रति, जिस बैठक में इसे पारित किया गया था, उसके अध्यक्ष द्वारा मूल प्रति के साथ ईमेल द्वारा sashi.mannava@kfintech.com / hosecretarial@canarabank.com पर, अथवा हार्ड कॉपी के रूप में' सचिवालय विभाग, केनरा बैंक प्रधान कार्यालय, 112 जे.सी. रोड, बेंगलूरु–560002 के पते पर प्रमाणित न किया गया हो, बैंक के प्रधान कार्यालय में वार्षिक आम बैठक की तारीख से कम से कम चार दिन पहले, अर्थात गुरुवार, 18 जून, 2026 को बैंक के समापन समय पर या उससे पहले जमा किया जाना होगा।

7. रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के साथ संप्रेषण

